# बिहार सरकार

## नगर विकास एवं आवास विभाग

**माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यालय कक्ष में दिनांक– 17.12.2015 को 3:00 बजे अपराह्न में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के संबंध में आयोजित बैठक की कार्यवाही:**

---

बैठक में निम्नलिखित विभागीय पदाधिकारी एवं PMC-NULM के कर्मी उपस्थित रहे:–

| क.सं. | पदाधिकारी/कर्मी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, भा0प्र0से0 | संयुक्त सचिव–सह–निदेशक |
| 2. | श्री एस.सी. अग्रवाल | Deputy Team Leader, SPUR |
| 3. | श्रीमती इन्दु कुमारी | विशेष कार्य पदाधिकारी |
| 4. | श्री शंभु पासवान | माननीय मंत्री के आप्त सचिव |
| 5. | श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय | परियोजना समन्वयक, PMC-NULM |
| 6. | श्री गणेश कुमार | परियोजना समन्वयक, PMC-NULM |
| 7. | श्री के. के. नारायण | राज्य मिशन प्रबंधक, (SM&ID) |
| 8. | श्री विमान कुमार मिश्रा | राज्य मिशन प्रबंधक, (SEP & FI) |
| 9. | श्री मनोज कुमार सिंह | राज्य मिशन प्रबंधक, (EST&P) |
| 10. | श्री रौशन कुमार | राज्य मिशन प्रबंधक, (MIS & ME) |
| 11. | श्री रवि कुमार | राज्य मिशन प्रबंधक, (Shelters & Social Infra.) |
| 12. | सुश्री प्रिया मिश्रा | राज्य मिशन प्रबंधक, (HR&CBT) |
| 13. | सुश्री कीर्ति सिन्हा | प्रबंधक (ऑपरेशन), (Vision EIS Consulting Pvt. Ltd.) |

1. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) योजना के अधीन वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए निर्धारित लक्ष्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों के संबंध में पॉवर प्वाईंट का प्रस्तुतीकरण PMC के द्वारा किया गया। योजना के क्रियान्वयन एवं इसकी घटकवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा की गयी एवं निम्नवत निदेश दिये गये:

   **(i)** सामाजिक जागरूकता एवं संस्थागत विकास (SM&ID) घटक के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के निर्माण में गति प्रदान करने, परिपक्व एस.एच.जी. को चक्रीय निधि प्रदान करने एवं उन्हें बैंक के माध्यम में क्रेडिक लिंकेज कराने का कार्य को प्राथमिकता प्रदान किया जाय।

   **(ii)** कौशल प्रशिक्षण तथा नियोजन के माध्यम से रोजगार (EST&P) के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा दिया जाय ताकि ज्यादा से ज्यादा शहरी गरीबों को इस घटक के अन्तर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ मिल सके।

   **(iii)** शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता (SUSV) घटक के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के बॉयामेट्रिक सर्वे का कार्य जिन 9 शहरों में पूर्ण हुए हैं उन्हें यथाशीघ्र पहचान पत्र एवं वेडिंग प्रमाण–पत्र जारी किया जाय। पहचान पत्र शीघ्र जारी करने हेतु राज्य स्तर से किसी एजेन्सी का चयन कर नगर निकायों में आयोजित शिविरों के माध्यम से सर्वेक्षित शहरी पथ विक्रेताओं को जारी किया जाय। सर्वेक्षण हेतु शेष बचे शहरों में

ही माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में Town Vending Committee (TVC) का गठन जिन शहरों में अबतक नहीं हुए हैं वहाँ TVC का गठन यथाशीघ्र कराने की कार्रवाई की जाय।

**(iv)** शहरी गरीबों के लिये आश्रय योजना (SUH) घटक के अधीन 38 शहरों में नये आश्रय स्थल के निर्माण कार्य में तेजी लाया जाय। साथ ही पूर्व से मौजूद 66 रैन बसेरा/आश्रय स्थलों को नवीनीकरण कराकर उनका संचालन सुचारू रूप से यथाशीघ्र कराया जाय।

**(v)** NULM योजना के स्वरोजगार (SEP) घटक के अन्तर्गत जिन नगर निकायों में टास्क फोर्स का गठन नहीं हुआ है वहाँ इसके गठन में तेजी लाया जाय। इस घटक के लाभुओं के व्यक्तिगत व समूह रोजगार हेतु बैंक से क्रेडिट लिंकेज कार्य को गति प्रदान किया जाय।

2. माननीय मंत्री, नगर विकास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा निदेशित किया गया कि, NULM योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु सूचना, शिक्षा एवं संचार सामग्री (IEC materials) प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाय। साथ ही कार्यक्रम की पारदर्शिता बनी रहे इस हेतू MIS System एवं SULM website को बढ़ावा दिया जाय।

3. राज्य एवं निकाय स्तर पर कार्यरत संबंधित सभी पदाधिकारी/कर्मी NULM योजना के सतही स्तर पर क्रियान्वयन एवं इसमें गति लाने हेतु हर संभव प्रयास करें तथा इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा शहरी गरीबों को मिले इसमें सहयोग प्रदान करने पर बल दिया जाय।

संयुक्त सचिव–सह–निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार ~~के~~ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

05/01/2016

**(महेश्वर हजारी)**
मंत्री
नगर विकास एवं आवास विभाग

**ज्ञापांकः–** 11 **न०वि०एवं आ०वि० दिनांक–** 11/01/2016

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, न०वि०आ०वि० के आप्त सचिव/टीम लीडर, SPUR,/टीम लीडर, PMC-NULM/संबंधित विभागीय पदाधिकारी/सभी नगर आयुक्त, नगर निगम एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद एवं नगर पंचायत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.1.16

**प्रधान सचिव**
नगर विकास एवं आवास विभाग